# आलिया ने 'मैसैकर' में दिखाया दमदार एक्शन



**यश** राज फिल्म्स ने अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'ऐल्फा' का प्रमोशनल म्यूजिक वीडियो 'मैसैकर' जारी कर दिया है. रिलीज के साथ ही यह वीडियो सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर तेजी से चर्चा बटोर रहा है. फिल्म के एंड क्रेडिट्स के बाद दिखाए जाने वाले इस विशेष वीडियो में आलिया भट्ट और शर्वरी का दमदार, स्टाइलिश और आत्मविश्वास से भरपूर अंदाज देखने को मिलता है, जो फिल्म की एक्शन-प्रधान दुनिया को और प्रभावशाली बनाता है.

मैसैकर वीडियो में दोनों अभिनेत्रियां अपने किरदारों की बेखौफ सोच और मजबूत व्यक्तित्व को शानदार कोरियोग्राफी, आकर्षक विजुअल्स और ऊर्जावान प्रस्तुति के जरिए पेश करती हैं. तेज रफ्तार बीट्स, आधुनिक संगीत और स्टाइलिश सिनेमैटोग्राफी के साथ यह वीडियो दर्शकों को अंत तक बांधे रखता है. फिल्म की थीम और एक्शन टोन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया यह ट्रैक फिल्म के माहौल को और अधिक रोमांचक बनाता है.इस हाई-एनर्जी गीत का संगीत रोहांश और अबीर ने तैयार किया है, जबकि इसे शिल्पा राव और जोनिता गांधी ने अपनी प्रभावशाली आवाज दी है. गीत के बोल प्रसिद्ध गीतकार कौसर मुनीर ने लिखे हैं. ऑडियो रिलीज के बाद ही इस गाने को श्रोताओं से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी और वीडियो के रिलीज होने का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. अब वीडियो सामने आने के बाद इसे भी दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है. मैसैकर फिल्म 'ऐल्फा' की स्टाइलिश, आधुनिक और एक्शन से भरपूर दुनिया को विस्तार देने का काम करता है. वीडियो में आलिया भट्ट और शर्वरी की शानदार केमिस्ट्री, दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और आत्मविश्वास से भरपूर प्रस्तुति फिल्म के प्रति दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ाती है. आदित्य चोपड़ा के निर्माण और शिव रवैल के निर्देशन में बनी 'ऐल्फा' में आलिया भट्ट और शर्वरी के साथ बॉबी देओल और अनिल कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं.

## आधुनिक रिश्तों की खट्टी-मीठी सच्चाई है 'दूरियां'

**भारतीय** हिप-हॉप की सबसे दमदार आवाज़ों में से एक, पैंथर, आकांक्षा चौधरी के साथ अपना नया इमोशनल गाना 'दूरियां' लेकर वापस आ गए हैं. प्यार, दूरी और दिल टूटने से पहले की खामोशी को बयां करता यह ट्रैक रैपर के उस पहलू को सामने लाता है जिसकी श्रोताओं ने पहले सिर्फ झलक ही देखी थी. इसमें टकराव की जगह कबूलनामे ने ले ली है, जो साबित करता है कि भावनाओं को खुल कर व्यक्त करना भी किसी दमदार वर्स की तरह ही असरदार हो सकता है. पैंथर और आकांक्षा चौधरी की दिल छू लेने वाली परफॉर्मेंस के साथ, 'दूरियां' उन रिश्तों के भावनात्मक बोझ को टटोलता है जो जीवन की अपरिहार्य परिस्थितियों की कसौटी पर परखे जाते हैं. यह ट्रैक उस अहसास को कैद करता है जिसे कई लोग महसूस तो करते हैं.

# राजकुमार राव ने पहनी दादा की जर्सी



**भारतीय** क्रिकेट के इतिहास में अपनी आक्रामक कप्तानी और बेखौफ नेतृत्व से नई पहचान बनाने वाले पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली के जीवन पर आधारित फिल्म 'दादा-द सौरव गांगुली स्टोरी' का फर्स्ट लुक पोस्टर बुधवार को उनके जन्मदिन के अवसर पर रिलीज कर दिया गया। पोस्टर के साथ निर्माताओं ने यह भी घोषणा की कि फिल्म 14 मई 2027 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी.

फिल्म के पहले पोस्टर में अभिनेता राजकुमार राव सौरव गांगुली के सबसे प्रतिष्ठित और यादगार लम्हे को दोहराते नजर आ रहे हैं. वर्ष 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ नेटवेस्ट ट्रॉफी जीतने के बाद लॉर्ड्स की बालकनी में टी-शर्ट लहराने वाला वह ऐतिहासिक दृश्य भारतीय क्रिकेट की नई सोच और आत्मविश्वास का प्रतीक बन गया था. पोस्टर सामने आते ही सोशल मीडिया पर क्रिकेट और सिनेमा प्रेमियों के बीच उत्साह देखने को मिला. फिल्म में सौरव गांगुली के बचपन से लेकर भारतीय टीम में जगह बनाने, शुरुआती चुनौतियों का सामना करने, कप्तान बनने और भारतीय क्रिकेट को नई दिशा देने तक के सफर को बड़े पर्दे पर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा.

यह कहानी केवल एक सफल बल्लेबाज की नहीं, बल्कि ऐसे कप्तान की है जिसने युवा खिलाड़ियों पर भरोसा जताकर भारतीय क्रिकेट की नई पीढ़ी तैयार की और टीम इंडिया को विदेशों में जीत का आत्मविश्वास दिया. फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी कर रहे हैं, जबकि निर्माण की जिम्मेदारी लव रंजन और अंकुर गर्ग ने संभाली है. फिल्म को गुलशन कुमार, भूषण कुमार, टी-सीरीज और डीबीएल प्रस्तुत कर रहे हैं तथा इसका निर्माण लव फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है. राजकुमार राव का लुक सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों की

## टेलीविजन हलचल

### शो 'सेहर होने को है' 7 साल के लीप के साथ



महेर फीवर अब एक नए शिखर पर पहुंचने वाला है क्योंकि कलर्स का ड्रामा 'सेहर होने को है' सात साल का लीप लेकर आ रहा है, जिसमें भविका शर्मा टाइटल रोल निभा रही हैं. जुदाई के इस लंबे दौर ने इन स्टार-क्रॉस्ड लवर्स (महिद और सेहर, पार्थ समथान और भविका द्वारा निभाए गए किरदार) की किस्मतें बदल दी हैं. दोनों अब बिल्कुल अलग इंसान बन चुके हैं, जिन्हें एक अनसुलझी त्रासदी ने बांध रखा है. सेहर ने अपने बचपन के सपने पूरे कर लिए हैं. उसने एमबीबीएस डिस्टिंक्शन के साथ पूरा किया है और अब वह डॉ. सेहर कौसर बैग है एक शानदार न्यूरोलॉजी रेज़िडेंट. उसके लिए मेडिसिन उसकी मां कौसर से किया गया एक पवित्र वादा है. लेकिन आत्मविश्वास के पीछे उसका टूटा हुआ दिल छिपा है. वह महिद से नफरत करती है और अपनी मां की मौत के लिए उसे जिम्मेदार मानती है. इस बीच, महिद एक सम्मानित मुफ़्ती के पद पर पहुंच चुका है. उसकी सधी हुई शख्सियत के पीछे एक ऐसा मन छिपा है जो गहरे ट्रॉमा से टूट रहा है.

### भावुक हुईं सोनाक्षी बत्रा, बोलीं,



शो 'जगद्धात्री' इन दिनों खूब चर्चा में है. दर्शक बेसब्री से शिवाय (फरमान हैदर) और जगद्धात्री (सोनाक्षी बत्रा) की ग्रैंड शादी का इंतजार कर रहे हैं. हाल के एपिसोड्स में दर्शकों ने देखा कि देशमुख और नाइक परिवार शादी की तैयारियों में जुट गए हैं. दोनों परिवारों के साथ आने से शो का यह ट्रैक और भी खास बन गया है. लेकिन इस शादी का जश्न सिर्फ शो तक ही सीमित नहीं रहा. शिवाय और जगद्धात्री की जोड़ी को मिल रहे प्यार ने अब स्क्रीन की सीमा भी पार कर ली है. ग्रैंड शादी से पहले जगद्धात्री का किरदार निभा रहीं सोनाक्षी बत्रा को उनके फैंस ने ऐसा सरप्राइज दिया, जिसे वो शायद कभी नहीं भूल पाएंगी. फैंस ने उन्हें अपने घर बुलाकर पूरे रीति-रिवाजों के साथ 'केलवण' कराया. केलवण महाराष्ट्र की एक बेहद खास शादी से पहले निभाई जाने वाली परंपरा है. इसमें दूल्हा या दुल्हन का आरती उतारकर स्वागत किया जाता है, उन्हें प्यार से घर का बना स्वादिष्ट खाना खिलाया जाता है.

# 71 की उम्र में रेखा ने फिर लूटी महफिल



**बॉलीवुड** निर्माता बोनी कपूर की बेटी और अभिनेता अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर ने मंगलवार शाम पति रोहन ठक्कर के साथ एक भव्य वेडिंग रिसेप्शन का आयोजन किया. इस खास समारोह में फिल्म इंडस्ट्री की कई नामचीन हस्तियां शामिल हुईं, लेकिन सबसे ज्यादा सुर्खियां सदाबहार अभिनेत्री रेखा ने बटोरीं. 71 वर्ष की उम्र में भी उनका एवरग्रीन चार्म और शाही अंदाज हर किसी के आकर्षण का केंद्र बना रहा.

रिसेप्शन में रेखा व्हाइट और गोल्डन कांजीवरम साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आईं. उन्होंने अपने लुक को पारंपरिक ज्वेलरी, मांग में सिंदूर, बालों में गजरा और सिग्नेचर मेकअप के साथ पूरा किया. कैमरों के सामने उनकी मुस्कुराहट और आत्मविश्वास ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उन्हें बॉलीवुड की सदाबहार अभिनेत्री क्यों कहा जाता है. जैसे ही उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए, प्रशंसकों ने उनकी खूबसूरती और गरिमामयी व्यक्तित्व की जमकर सराहना की.

वहीं इस खास मौके पर अंशुला कपूर ने लाल रंग का खूबसूरत फ्यूजन आउटफिट पहनकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा. उनके पति रोहन ठक्कर ब्लैक और गोल्डन रंग के स्टाइलिश परिधान में बेहद आकर्षक नजर आए.

# ओटीटी में रिलीज़ होते ही छाया प्रीतम एंड पेड्रो




**फिल्मकार** राजकुमार हिरानी ने ओटीटी की दुनिया में बतौर निर्माता 'प्रीतम एंड पेड्रो' के साथ कदम रखा है. क्राइम-कॉमेडी शैली में बनी यह वेब सीरीज मनोरंजन के साथ साइबर क्राइम जैसे गंभीर और समकालीन विषय को सरल तथा दिलचस्प अंदाज में पेश करने का प्रयास करती है. इस सीरीज की एक और खास बात यह है कि राजकुमार हिरानी के बेटे वीर हिरानी ने इसी प्रोजेक्ट के जरिए अपने अभिनय करियर की शुरुआत की है.

सीरीज की कहानी एक अनुभवी पुलिस अधिकारी और एक तेज-तर्रार टेक एक्सपर्ट की अनोखी जोड़ी के इर्द-गिर्द घूमती है. दोनों का काम करने का तरीका एक-दूसरे से बिल्कुल अलग है, लेकिन जब साइबर अपराध की गुत्थियां सुलझाने की बात आती है तो यही अलग सोच उनकी सबसे बड़ी ताकत बन जाती है. दोनों मिलकर ऐसे मामलों की जांच करते हैं, जिनमें तकनीक, धोखाधड़ी और अपराध की नई-नई परतें सामने आती हैं. कहानी की शुरुआत एक साधारण चोरी के मामले से होती है, लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ती है, मामला साइबर फ्रॉड, बड़े आर्थिक अपराध और किडनैपिंग जैसे गंभीर अपराधों तक पहुंच जाता है. हर एपिसोड में नए संदिग्ध, अप्रत्याशित मोड़ और रोचक घटनाक्रम दर्शकों की उत्सुकता बनाए रखते हैं.

# नुसरत भरूचा का वर्कआउट पोस्ट हुआ वायरल



**बॉलीवुड** अभिनेत्री नुसरत भरूचा का वर्क फ्रॉम होम और मानसून से जुड़ा एक मजेदार सोशल मीडिया पोस्ट वायरल हो रहा है.इस पोस्ट में नुसरत ने घर पर वर्कआउट करते हुए और बारिश के खूबसूरत मौसम का आनंद लेते हुए अपनी तस्वीरें साझा की हैं.

तस्वीरों में नुसरत व्हाइट स्पोर्ट्स टॉप, रेड शॉर्ट्स और मैचिंग स्नीकर्स में डंबल्स के साथ एक्सरसाइज, स्क्वैट्स और स्ट्रेचिंग करती नजर आ रही हैं. वहीं कुछ तस्वीरों में वह अपनी बालकनी से बारिश और हरियाली से घिरे नजारों का आनंद लेती दिखाई दे रही हैं. पोस्ट के साथ नुसरत ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'उन्होंने कहा था, वर्क फ्रॉम होम.' उनके इस कैप्शन को सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है, क्योंकि यह मानसून के सुहाने मौसम में काम पर ध्यान केंद्रित करने की चुनौती को हल्के-फुल्के अंदाज में दर्शाता है.

बालकनी से दिखता हराभरा नजारा, बादलों से घिरा आसमान और शांत वातावरण पोस्ट को और आकर्षक बना रहा है. सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने इसे वर्क फ्रॉम होम करने वालों के अनुभव से जुड़ा और सहज बताया है.






# भारत में लॉन्च हुई डुकाटी दिआवल वि 4 ब्लैक रोडस्टर

**प्रीमियम** मोटरसाइकिल निर्माता डुकाटी ने अपनी दमदार पावर क्रूजर डियावेल वी4 का नया ब्लैक रोडस्टर संस्करण भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया है. कंपनी ने इस मॉडल को नए ब्लैक और पीले रंग के संयोजन के साथ पेश किया है, जिससे इसका लुक पहले से अधिक आकर्षक, स्पोर्टी और आक्रामक दिखाई देता है.

इस नए रंग विकल्प के साथ अब डियावेल वी4 ग्राहकों के लिए कुल तीन रंग विकल्पों में उपलब्ध होगी. नई डियावेल वी4 ब्लैक रोडस्टर के डिजाइन में कई प्रीमियम बदलाव किए गए हैं. बाइक को चमकदार काले रंग की फिनिश के साथ पीले रंग के ग्राफिक्स दिए गए हैं, जो इसे सड़क पर अलग पहचान देते हैं. इसके अलावा टाइटेनियम फिनिश वाले कुछ पुर्जे और नए डिजाइन का सीट कवर भी जोड़ा गया है, जिससे इसकी प्रीमियम अपील और बढ़ गई है. डुकाटी ने इस संस्करण को खास तौर पर उन ग्राहकों के लिए तैयार किया है, जो दमदार प्रदर्शन के साथ स्टाइलिश लुक भी चाहते हैं.

बाइक में 1,158 सीसी का वी4 ग्रांटुरिस्मो इंजन दिया गया है, जो 10,750 आरपीएम पर 168 हॉर्सपावर और 7,500 आरपीएम पर 126 न्यूटन मीटर टॉर्क उत्पन्न करता है.

नई डियावेल वी4 ब्लैक रोडस्टर उन बाइक प्रेमियों के लिए शानदार विकल्प साबित हो सकती है, जो प्रीमियम डिजाइन, शक्तिशाली इंजन और अत्याधुनिक तकनीक से लैस मोटरसाइकिल की तलाश में हैं. नए रंग, दमदार प्रदर्शन और आधुनिक सुविधाओं के साथ यह मॉडल भारतीय प्रीमियम मोटरसाइकिल बाजार में डुकाटी की स्थिति को और मजबूत करने की तैयारी में है.

# सस्ती हुई सिट्रोएन बैसाल्ट

## 1.40 लाख तक का फायदा




**सिट्रोन** इंडिया ने जुलाई महीने में अपनी बेसाल्ट कूपे एसयूवी पर ग्राहकों के लिए 1.40 लाख रुपये तक के आकर्षक लाभ की पेशकश की है. कंपनी ने जून में भी इतना ही डिस्काउंट दिया था और अब जुलाई में भी इस ऑफर को जारी रखा है. ऐसे में नई एसयूवी खरीदने की योजना बना रहे ग्राहकों के लिए यह एक अच्छा अवसर हो सकता है.

सिट्रोन बेसाल्ट की एक्स-शोरूम कीमत 8.55 लाख रुपये से शुरू होकर 13.75 लाख रुपये तक जाती है. इस कीमत पर यह भारतीय बाजार की सबसे किफायती मास-मार्केट कूपे एसयूवी मानी जाती है. आकर्षक डिजाइन, बेहतर ग्राउंड क्लीयरेंस और आरामदायक केबिन के बावजूद यह मॉडल बिक्री के मामले में अभी तक अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाया है. कंपनी अब भारी छूट देकर ग्राहकों को आकर्षित करने की रणनीति पर काम कर रही है.

बेसाल्ट का डिजाइन इसे पारंपरिक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल से अलग पहचान देता है. इसकी ढलान वाली छत, आधुनिक बाहरी डिजाइन और प्रीमियम केबिन इसे युवाओं और परिवारों दोनों के लिए आकर्षक विकल्प बनाते हैं. कंपनी ने इसमें आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षा फीचर्स का भी ध्यान रखा है, जिससे यह अपने वर्ग में मजबूत दावेदार बनती है. भारतीय बाजार में सिट्रोन बेसाल्ट का मुकाबला टाटा कर्व, एमजी एस्टर, फॉक्सवैगन टाइगुन, किआ सेल्टोस, टाटा सिएरा, रेनो डस्टर और होंडा एलिवेट जैसी लोकप्रिय एसयूवी से होता है. हालांकि, बेसाल्ट की तरह टाटा कर्व कूपे एसयूवी की बिक्री भी उम्मीद के अनुरूप नहीं रही है. जुलाई में मिल रहे 1.40 लाख रुपये तक के लाभ के बाद बेसाल्ट की कीमत और भी प्रतिस्पर्धी हो गई है. ऐसे में जो ग्राहक कम बजट में स्टाइलिश कूपे एसयूवी खरीदना चाहते हैं, उनके लिए यह ऑफर फायदे का सौदा साबित हो सकता है. हालांकि, यह लाभ अलग-अलग शहर, डीलरशिप, मॉडल वर्ष और वेरिएंट के अनुसार अलग हो सकते हैं, इसलिए खरीदारी से पहले अपने नजदीकी शोरूम से पूरी जानकारी लेना बेहतर रहेगा.

# टीवीएस ने पेश किया नया कलिस्टो110 स्कूटर




**टीवीएस** मोटर कंपनी ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में अपना नया कलिस्टो 110 स्कूटर लॉन्च कर दिया है. कंपनी ने इस नए मॉडल को खासतौर पर इंडोनेशिया के तेजी से बढ़ते 110सीसी ऑटोमैटिक स्कूटर बाजार को ध्यान में रखते हुए पेश किया है.

वहां दोपहिया वाहनों की बड़ी मांग को देखते हुए टीवीएस इस नए स्कूटर के जरिए अपनी बाजार हिस्सेदारी मजबूत करना चाहती है. नया कलिस्टो 110 कंपनी के बिल्ट फॉर रियल दर्शन पर आधारित है. इसका उद्देश्य ऐसा स्कूटर पेश करना है जो ग्राहकों की रोजमर्रा की जरूरतों, आराम और व्यावहारिक उपयोग को बेहतर तरीके से पूरा कर सके. इसी सोच के साथ इसमें कई आधुनिक तकनीकों और सुविधाओं को शामिल किया गया है.स्कूटर में नया इंजन दिया गया है, जिसमें इंटीग्रेटेड स्टार्टर जनरेटर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है. यह तकनीक इंजन को अधिक स्मूद तरीके से स्टार्ट करने में मदद करती है और ईंधन दक्षता बढ़ाने में भी सहायक होती है. इसके अलावा इसमें स्टॉप-गो सिस्टम भी दिया गया है, जो ट्रैफिक सिग्नल या लंबे समय तक रुकने की स्थिति में इंजन को स्वत: बंद कर देता है और एक्सीलरेटर देने पर दोबारा चालू कर देता है.

# मारुती की नई ब्रेज्जा लॉन्च होने को तैयार




**मारुति** सुजुकी 23 जुलाई को अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेज़्ज़ा फेसलिफ्ट को भारतीय बाजार में लॉन्च करने जा रही है. लंबे समय से इस एसयूवी की टेस्टिंग देश के अलग-अलग हिस्सों में की जा रही थी और अब कंपनी इसे नए डिजाइन और आधुनिक फीचर्स के साथ ग्राहकों के सामने पेश करने के लिए तैयार है. नई पीढ़ी की ब्रेजा में कई अहम बदलाव देखने को मिलने की उम्मीद है, जिससे यह अपने सेगमेंट में प्रतिस्पर्धा को और कड़ा बना सकती है.

अब तक सामने आए टेस्ट मॉडल और मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नई ब्रेज़्ज़ा फेसलिफ्ट के एक्सटीरियर में बड़ा बदलाव किया गया है. एसयूवी के फ्रंट फेसिया को अधिक शार्प और प्रीमियम लुक दिया जा सकता है, जबकि पीछे की तरफ भी नए डिजाइन वाले टेललैंप और अपडेटेड बंपर मिलने की संभावना है. हाल ही में बिना किसी कवर के देखे गए प्रोटोटाइप में कई नए पार्किंग सेंसर्स भी नजर आए, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि कंपनी पार्किंग और सुरक्षा सुविधाओं पर भी खास ध्यान दे रही है.

फीचर्स की बात करें तो नई ब्रेज़्ज़ा में बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, वायरलेस स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, 360-डिग्री कैमरा, वायरलेस चार्जिंग, वेंटिलेटेड सीट्स और कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी जैसे प्रीमियम फीचर्स मिलने की उम्मीद है.

नई ब्रेज़्ज़ा में मौजूदा इंजन के साथ टर्बो-पेट्रोल इंजन का विकल्प भी दिया जा सकता है. हालांकि, कंपनी ने इंजन और स्पेसिफिकेशन को लेकर अभी आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है. यदि टर्बो इंजन मिलता है, तो यह एसयूवी बेहतर परफॉर्मेंस और अधिक रोमांचक ड्राइविंग अनुभव देने में सक्षम हो सकती है. 23 जुलाई को लॉन्च होने वाली नई ब्रेज़्ज़ा फेसलिफ्ट से मारुति सुजुकी को कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में अपनी स्थिति और मजबूत करने की उम्मीद है. आकर्षक डिजाइन, आधुनिक तकनीक, संभावित टर्बो इंजन और नए फीचर्स के साथ यह एसयूवी उन ग्राहकों के लिए खास विकल्प बन सकती है, जो स्टाइल, प्रदर्शन और विश्वसनीयता का संतुलित मेल चाहते हैं.